From the session 2023-24, the textbooks are rationalised under the new National Education Policy 2020. This *Sanjiv Refresher* is Completely based on the new rationalised textbooks.

# Sanjiv®

## *Refresher*



- Solutions of all the Exercises of the Text Books
- Inclusion of Additional Important Questions
- Hindi Translation of all the Lessons of English & Sanskrit and Explanation of Hindi Poems in easy Hindi
- Inclusion of Grammar in Hindi, English and Sanskrit Subjects as per the Text Books

Class **8**

Price **840.00**

**Sanjiv Prakashan, Jaipur**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com

# All In One

## Class-8

## CONTENTS

## ENGLISH

### HONEYDEW


1. The Best Christmas Present in the World 1
   *Poem No. 1*
   *(i) The Ant and the Cricket* 14
2. The Tsunami 18
   *Poem No. 2*
   *(ii) Geography Lesson* 29
3. Glimpses of the Past 32
4. Bepin Choudhury's Lapse of Memory 39
   *Poem No. 3*
   *(iii) The Last Bargain* 55
5. The Summit Within 59
   *Poem No. 4*
   *(iv) The School Boy* 68
6. This is Jody's Fawn 72
7. A Visit to Cambridge 83
8. A Short Monsoon Diary 93
   *Poem No. 5*
   *(v) On the Grasshopper and Cricket* 103

**GRAMMAR AND VOCABULARY**

**GRAMMAR**

1. Pronoun 106
2. Adjective—Degrees of Comparison 109
3. Adverb 111
4. Word Order in a Sentence 114
5. Preposition 115
6. Tenses (Correct Form of the Verb) 118
7. Determiners 133
8. Modal Auxiliaries 137
9. Usages of has to/have to/had to 139
10. Framing Questions 139
11. Passive Voice 141
12. Reported Speech 143
13. Punctuation Marks and Capital Letters 145

**VOCABULARY**

1. Number 146
2. Gender 150
3. Opposites 152
4. Word Formation 154
5. One Word Substitution 157
6. Choose the Correct Word 158
7. Sound 160
8. Word Meaning 162
9. Correct Spelling 162
10. Synonyms 163
11. Dissimilar/odd words 163
12. Missing Letters 164

**Road Safety 165**

**READING**

**Unseen Passages 166-171**

**WRITING**

1. Letter Writing 172-178
2. Application Writing 178-183
3. Paragraph Writing 183-192
4. Story Writing 192-199
   Rearrange Sentences 199-202
5. Diary Writing 202-203
6. Notice Writing 203-204

**Oral Examination 205-209**

**Useful Words of Daily Use 209-211**

## हिन्दी

**वसंत : भाग-3**


1. लाख की चूड़ियाँ (कहानी) 212
2. बस की यात्रा (व्यंग्य) 218
3. दीवानों की हस्ती (कविता) 225
4. भगवान के डाकिए (कविता) 229
5. क्या निराश हुआ जाए (निबन्ध) 232
6. यह सबसे कठिन समय नहीं (कविता) 239
7. कबीर की साखियाँ 242
8. सुदामा चरित (कविता) 247
9. जहाँ पहिया है (रिपोर्ताज) 252
10. अकबरी लोटा (कहानी) 259
11. सूरदास के पद (कविता) 265
12. पानी की कहानी (निबन्ध) 269
13. बाज और साँप (कहानी) 275

**परिवेशीय सजगता, सड़क सुरक्षा एवं स्वच्छता सम्बन्धी प्रश्न** **281-286**

**व्याकरण** **287-303**

1. संज्ञा, 2. सर्वनाम, 3. क्रिया, 4. विशेषण, 5. विलोम, 6. पर्यायवाची, 7. वाक्य रचना, 8. वचन, 9. उपसर्ग, 10. प्रत्यय, 11. मुहावरे

**अपठित गद्यांश** **306-307**

**रचना**

1. प्रार्थना-पत्र एवं पत्र-लेखन 307-312
2. निबन्ध-लेखन 313-322
3. कहानी लेखन 323-325
4. संवाद-लेखन 325-328

**हिन्दी मौखिक परीक्षा** **328**


## संस्कृत

**रुचिरा—तृतीयो भागः**


मङ्गलम् 329
1. सुभाषितानि 330
2. बिलस्य वाणी न कदापि मे श्रुता 334
3. डिजीभारतम् 339
4. सदैव पुरतो निधेहि चरणम् 345
5. कण्टकेनैव कण्टकम् 349
6. गृहं शून्यं सुतां विना 355
7. भारतजनताऽहम् 361
8. संसारसागरस्य नायकाः 365
9. सप्तभगिन्यः 370
10. नीतिनवनीतम् 374
11. सावित्री बाई फुले 379
12. कः रक्षति कः रक्षितः 385
13. क्षितौ राजते भारतस्वर्णभूमिः 391
14. आर्यभटः 396

**व्याकरण-ज्ञानम्** **402-434**

1. सन्धि, 2. उपसर्ग, 3. प्रत्यय, 4. अव्यय, 5. धातु-रूपाणि, 6. संज्ञा शब्द, 7. सर्वनाम शब्द, 8. कारकम्, 9. विशेषण-विशेष्यशब्दाः, 10. संख्याज्ञानम्

**अपठितावबोधनम् एवं रचना कार्यम्**

अपठित गद्यांशः 438-440

**रचना-कार्यम्**

1. निबन्ध-लेखनम् 440-442
2. कथालेखनम् 442-444
3. पत्र-लेखनम् 444-448
4. वाक्य-निर्माणम् एवं चित्र आधारित वर्णनम् 448-451
5. वाक्यक्रम-संयोजनम् 451-453

**श्लोक-लेखनम्** **453**


## SCIENCE


1. Crop Production and Management 454
2. Microorganisms : Friend and Foe 464
3. Coal and Petroleum 473
4. Combustion and Flame 478
5. Conservation of Plants and Animals 486
6. Reproduction in Animals 495

7. Reaching the Age of Adolescence 504
8. Force and Pressure 514
9. Friction 522
10. Sound 528
11. Chemical Effects of Electric Current 535
12. Some Natural Phenomena 542
13. Light 550
**Questions Related to Road Safety and Cleanliness 560-562**

## MATHEMATICS

1. Rational Numbers 563
2. Linear Equations in One Variable 572
3. Understanding Quadrilaterals 578
4. Data Handling 592
5. Squares and Square Roots 605
6. Cubes and Cube Roots 622
7. Comparing Quantities 629
8. Algebraic Expressions and Identities 638
9. Mensuration 646
10. Exponents and Powers 661
11. Direct and Inverse Proportions 667
12. Factorisation 681
13. Introduction to Graphs 691

## SOCIAL SCIENCE

### Our Pasts-III (History)

1. Introduction: How, When and Where 701
2. From Trade to Territory The Company Establishes Power 707
3. Ruling the Countryside 714
4. Tribals, *Dikus* and The Vision of a Golden Age 721
5. When People Rebel 1857 and After 727
6. Civilising the "Native", Educating The Nation 734
7. Women, Caste and Reform 740
8. The Making of the National Movement : 1870s-1947 748

### Social and Political Life-III

**Unit One: The Indian Constitution and Secularism**
1. The Indian Constitution 757
2. Understanding Secularism 764
**Unit Two: Parliament and the Making of Laws**
3. Parliament and the Making of Laws 771
**Unit Three: The Judiciary**
4. Judiciary 779
**Unit Four: Social Justice and the Marginalised**
5. Understanding Marginalisation 787
6. Confronting Marginalisation 793
**Unit Five: Economic Presence of the Government**
7. Public Facilities 799
8. Law and Social Justice 807

### Resources and Development (Geography)

1. Resources 816
2. Land, Soil, Water, Natural Vegetation and Wildlife Resources 820
3. Agriculture 827
4. Industries 833
5. Human Resources 839

### Our Rajasthan

1. Rajasthan in 18th Century 846
2. 1857 Freedom Struggle and Rajasthan 849
3. Formation of Modern Rajasthan 853
4. Population 857
5. Industries 860
6. Transport & Tourism 864
7. Development Plans 868
8. Government Efforts for Public Awareness and Social Reform 872
9. Rural and Urban Administration 878
10. Art and Culture in Rajasthan 883
**Questions Related to Maps 889-896**

**ENGLISH—CLASS-8**

# HONEYDEW

## 1. The Best Christmas Present in the World

### ( विश्व का सर्वोत्तम क्रिसमस उपहार )

*—Michael Morpurgo*

**आपके पढ़ने से पूर्व :**

विश्व के इतिहास में कुछ तारीखें या कालखण्ड इतने महत्त्वपूर्ण हैं कि प्रत्येक व्यक्ति उन्हें जानता है और याद करता है। जो कहानी आप पढ़ने जा रहे हैं वह भी ऐसे ही एक दिनांक तथा घटनाक्रम का उल्लेख करती है : अंग्रेजों और जर्मनों के बीच 1914 में हुए एक युद्ध का। क्या आप अनुमान लगा सकते हैं कि यह कौनसा युद्ध था?

क्या आप जानते हैं कि निम्न तारीखें किन घटनाओं की ओर संकेत करती हैं?

(a) 4 जुलाई 1776 (b) 17 दिसम्बर 1903
(c) 6 अगस्त 1945 (d) 30 जनवरी 1948
(e) 12 अप्रेल 1961 (f) 20 जुलाई 1969

**उत्तर**–(a) अमेरिका द्वारा स्वतन्त्रता की घोषणा।

(b) विलबर व ऑरविले राइट ने प्रथम उड़ान भरी, 12 सेकॅण्ड आकाश में उड़े और 120 फीट की ऊँचाई तक आकाश में गए।

(c) हिरोशिमा दिवस : एक परमाणु बम इस दिन जापान के हिरोशिमा नगर पर गिराया गया था।

(d) महात्मा गाँधी की हत्या।

(e) पृथ्वी की परिक्रमा सबसे पहले करने वाला मानव यूरी ए. गागरिन बना।

(f) नील आर्मस्ट्राँग चन्द्रमा पर पैर रखने वाला प्रथम मानव बना।

### कठिन शब्दार्थ एवं हिन्दी अनुवाद

**I**

**I spotted..................................................................on Christmas Eve. (Page 9)**

**कठिन शब्दार्थ–spotted** (स्पॉटिड) = देखा था, **junk shop** (जंक शॉप) = कबाड़ की दुकान, **roll-top desk** (रोल-टॉप डेस्क) = लपेट-सतह वाली मेज, **early nineteenth century** (अर्लि नाइनटीन्थ सेन्चॅरि) = 19वीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों की, **oak** (ओक) = शाहबलूत वृक्ष (इसकी लकड़ी सख्त होती है), **far too expensive** (फार टू इक्सपेन्सिव) = बहुत अधिक महंगे, **condition** (कॅनडिशन) = दशा, **roll-top** (रोल टॉप) = लपेट-सतह (सतह जिसे लपेटा जा सके या तह बनाई जा सके), **several** (सेवरॅल) = कई (दो से कुछ अधिक किन्तु बहुत अधिक नहीं), **pieces** (पीसिज) = टुकड़े, **clumsily** (क्लमजिलि) = बेढंग से, **mended** (मेन्डिड) = मरम्मत की गई थी, **scorch marks** (स्कोच मार्क्स) = झुलसने के निशान, **was going for** (वॉज गोइंग फोर) = बिक रहा था, **thought** (थोट) = सोचा, **restore** (रिस्टोर) = व्यक्ति या वस्तु को उसकी पूर्व दशा या स्थिति में लाना (यहाँ अर्थ है ठीक कर लेना), **risk** (रिस्क) = खतरा, **challenge** (चैलिन्ज) = चुनौती, **paid** (पेड) = कीमत चुकाई/भुगतान किया, **brought** (ब्रोट) = ले आया, **workroom** (वर्करूम) = कार्यकक्ष।

**हिन्दी अनुवाद**–मैंने इस रोल-टॉप डेस्क (लपेट-सतह वाली मेज) को ब्रिडपोर्ट में कबाड़ की एक दुकान में देखा था। उस व्यक्ति (कबाड़ी) ने कहा था कि यह 19वीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों में बनी थी और शाहबलूत वृक्ष

की लकड़ी की थी। मुझे ऐसी एक मेज की आवश्यकता थी किन्तु वे बहुत अधिक महंगी थीं। यह वाली मेज बहुत खराब हालत में थी, इसका रोल-टॉप कई टुकड़ों में था, एक पाये की बेढंग से मरम्मत की हुई थी, इसके एक तरफ झुलसने (जलने) के निशान थे। यह बहुत कम कीमत पर बिक (मिल) रही थी। मैंने सोचा मैं इसे ठीक कर सकता था (अर्थात् इसे ठीक करवा लूँगा)। इसमें एक खतरा भी होगा, एक चुनौती भी होगी, किन्तु मुझे इसे लेना ही था। मैंने उस व्यक्ति को कीमत चुकाई और इसे गैरिज (वाहनकक्ष) के पीछे वाले अपने कार्यकक्ष में ले आया। मैंने क्रिसमस की पूर्व संध्या को उस पर कार्य आरम्भ किया।

**I removed......................................................"December 26, 1914". (Pages 9-10)**

**कठिन शब्दार्थ–removed** (रिमूव्ड) = हटाया, **completely** (कॅम्प्लीटलि) = पूरी तरह से, **pulled out** (पुल्ड आउट) = बाहर निकाला, **drawers** (ड्रोर्स) = दराजों, **veneer** (वॅनिअर) = पृष्ठावरण/परत (सजावट या चमक के लिए फर्निचर पर चिपकाये जाने वाली लकड़ी की पतली-सी परत), **water damage** (वॉटर डैमिज) = पानी से खराब हुई हो, **taken their toll on** (टेकन देअर टॉल ऑन) = नुकसान पहुँचाया, **stuck fast** (स्टक फास्ट) = बुरी तरह अटका था, **tried** (ट्राइड) = प्रयत्न किया, **ease out** (ईज आउट) = धीरे-धीरे बाहर निकालना, **gently** (जेन्टलि) = सौम्यता से, **used** (यूज्ड) = प्रयोग की, **brute force** (ब्रूट फोर्स) = पाशविक शक्ति/पूरी ताकत, **struck** (स्ट्रक) = प्रहार किया, **sharply** (शार्पलि) = तेजी से/बलपूर्वक, **fist** (फिस्ट) = मुट्ठी, **flew open** (फ्लू ओपॅन) = एकाएक खुल गया, **reveal** (रिवील) = दर्शाते हुए, **shallow space** (शैलो स्पेस) = खाली स्थान, **underneath** (अंडरनीथ) = अन्दर नीचे का, **secret** (सीकरॅट) = गुप्त, **took out** (टुक आउट) = बाहर निकाला, **sello-taped** (सेलॅ-टेप्ड) = पारदर्शी टेप से चिपकाया हुआ, **lined notepaper** (लाइन्ड नोटपेपॅर) = लाइनदार पत्र-कागज, **a piece** (अ पीस) = एक पर्ची, **shaky** (शेकि) = काँपती हुई, **handwriting** (हैन्डराइटिंग) = लिखाई, **buried** (बरिड) = दफनाया, **curiosity** (क्युरिऑसॅटि) = जिज्ञासा, **scruples** (स्क्रूपल्ज) = नैतिक संकोच, **unfolded** (अनफोल्डिड) = खोला।

**हिन्दी अनुवाद–**मैंने रोल-टॉप को पूरी तरह से हटा दिया और दराजों को खींच कर बाहर निकाल दिया। पृष्ठावरण लगभग सभी जगह से उतरा हुआ था—मुझे ऐसा प्रतीत हुआ जैसे कि यह (पृष्ठावरण) पानी से खराब हुआ हो। आग और पानी दोनों ने अपनी-अपनी तरह से उस डेस्क को नुकसान पहुँचाया हुआ था। आखिरी दराज बुरी तरह से अटकी हुई थी। इसे धीरे-धीरे सौम्यता से बाहर निकालने के लिए मैंने वह सब किया जो मैं कर सकता था। अन्त में मैंने पूरी ताकत का प्रयोग किया। मैंने अपनी मुट्ठी के एक तरफ से इस पर ताकत से प्रहार किया और दराज अन्दर नीचे का खाली स्थान दर्शाते हुए एकाएक खुल गया, (यह) एक गुप्त दराज (था)। इसके अन्दर कुछ था। मैंने अन्दर हाथ डाला और एक छोटा काला टिन बॉक्स बाहर निकाला। इस (बॉक्स) पर एक लाइनदार पत्र-कागज की एक पर्ची सेलोटेप से चिपकी थी और इस पर काँपती हुई लिखाई में लिखा था : "जिम का (यह) अन्तिम पत्र (था), जो 25 जनवरी, 1915 को प्राप्त हुआ था। जब भी समय आये (अर्थात् मेरी मृत्यु के बाद) इस पत्र को मेरे साथ दफनाया जाए।" मैं जानता था कि मेरे द्वारा बॉक्स का खोला जाना (नैतिक दृष्टि से) गलत था किन्तु मैंने ऐसा किया क्योंकि जिज्ञासा मेरे नैतिक संकोच पर हावी हो गई थी। ऐसा अधिकतर होता है।

बॉक्स के अन्दर एक लिफाफा था। (इस पर) पता इस प्रकार था : "मिसिज (श्रीमती) जिम मैक्फरसन, 12 कॉपॅर बीचिज, ब्रिडपोर्ट, डोर्सेट।" मैंने पत्र को बाहर निकाला और इसकी तह खोली। यह पेन्सिल से लिखा गया था और इसके शीर्ष पर दिनांकित था—"26 दिसम्बर, 1914."

## II

**Dearest Connie,.................................................................it wasn't. (Pages 10-11)**

**कठिन शब्दार्थ–much happier** (मच हैपिअर) = अत्यधिक प्रसन्न, **frame of mind** (फ्रेम ऑफ माइन्ड) = चित्त से, **wonderful** (वन्डॅरफुल) = अद्भुत, **happened** (हैपन्ड) = घटित हुआ, **standing to** (स्टॅन्डिंग टु) = पोजिशन लिए हुए थे, **trenches** (ट्रेन्चिज) = बंकर, **crisp** (क्रिस्प) = तीक्ष्ण, **quiet** (क्वाइअट) = शान्त, **all about** (ओल अबाउट) = आसपास सभी जगह, **cold and frosty** (कोल्ड एंड फ्रॉस्टि) = ठंडी व जमा देने वाली, **ashamed** (अशेम्ड) = शर्मिन्दा होना, **waving** (वेविंग) = लहराते हुए, **fritz** (फ्रिट्ज) = एक जर्मन सैनिक का नाम, **Tommy** (टॉमि) = सामान्यत: एक अंग्रेज का नाम, यहाँ ब्रिटिश सैनिकों के लिए प्रयोग किया गया, **got over** (गॉट ओवॅर) = समाप्त हुआ, **shoot** (शूट) = गोली चलाना, **lads** (लैड्ज) = लड़को, **parapet** (पैरॅपिट) = मुंडेर, **trick** (ट्रिक) = चाल।

**हिन्दी अनुवाद**–परम प्रिय कॉनी,

मैं अत्यधिक प्रसन्न चित्त से आपको यह पत्र लिख रहा हूँ क्योंकि अभी-अभी कुछ अद्‌भुत घटा है जिसके बारे में मुझे अवश्य तुरन्त ही आपको बताना चाहिए। कल प्रातःकाल, क्रिसमस की सुबह, हम सभी अपने बंकरों में पोजिशन लिए खड़े हुए थे। यह प्रातःकाल आसपास सभी जगह तीक्ष्ण व शान्त थी किन्तु इतनी सुन्दर प्रातःकाल थी जो मैंने पहले कभी नहीं देखी थी, तथा यह इतनी ठंडी व जमा देने वाली थी जितना कि एक क्रिसमस की सुबह को होना भी चाहिए।

मैं चाहता था कि आपको यह बता सकने में समर्थ होता कि हमने इसे शुरू किया। किन्तु सच, जिसे मैं बताते हुए शर्मिन्दा हूँ, यह है कि फ्रिट्ज (जर्मन सैनिक) ने इसे शुरू किया। प्रथम बार (हम में से) किसी ने सामने के बंकरों में से एक सफेद झण्डे को लहराते देखा। फिर वे मानव रहित भू-क्षेत्र (नो मैन्ज लैंड) के दूसरी तरफ से हमें "हैप्पि क्रिसमस, टॉमि! हैप्पि क्रिसमस!" की आवाजें लगा रहे थे। जब हमारी हैरानी समाप्त हुई, हम में से कुछ ने चिल्लाकर कहा, "तुम्हें भी मुबारक हो (सेम टू यू), फ्रिट्ज! तुम्हें भी मुबारक हो!" मैंने सोचा वह उतना ही रहेगा (अर्थात् मामला अब समाप्त था)। हम सबने यही किया (अर्थात् यही सोचा था)। लेकिन फिर अचानक उनमें से एक, जिसने स्लेटी रंग का बड़ा कोट पहना था, सफेद झण्डा लहराते हुए ऊपर हुआ अर्थात् खड़ा हुआ। "लड़को, गोली मत चलाना!" किसी ने चिल्लाकर कहा। और किसी ने नहीं चलाई। फिर मुंडेर पर दूसरा फ्रिट्ज (जर्मन सैनिक) आ गया, और फिर अन्य दूसरा। "अपने सिर नीचे रखना", मैंने अपने आदमियों (सैनिकों) से कहा, "यह एक चाल है।" किन्तु यह (चाल) नहीं थी।

**One of the..................................................................Happy Christmas. (Page 11)**

**कठिन शब्दार्थ–schnapps** (श्नॅप्स) = अनाज से बनी एक जर्मन शराब, **sausage** (सॉसिज) = मसालेदार गोश्त, **occurred** (अकॅर्ड) = सूझा, **war** (वो/वॉर) = युद्ध, **imagine** (इमेजिन) = कल्पना करना, **feelings** (फीलिंग्ज) = भावनाएँ, **approached*** (अप्रोच्ट) = आया, **outstretched*** (आउटस्ट्रेच्ट) = आगे बढ़ाए, **gripping** (ग्रिपिंग) = पकड़ते हुए, **warmly** (वॉमलि) = स्नेह से, **cello** (चेलो) = तारों वाला एक बड़ा वाद्ययन्त्र जिसे बैठकर व घुटनों के बीच थामकर बजाया जाता है, **orchestra** (ऑकिस्ट्रा) = वाद्यवृंद/आर्केस्ट्रा।

**हिन्दी अनुवाद**–जर्मनों में से एक अपने सिर पर एक बोतल लहरा रहा था। "टॉमि, यह क्रिसमस का दिन है। हमारे पास शराब भी है। हमारे पास मसालेदार गोश्त भी है। क्या हम आप लोगों से मिल सकते हैं? हाँ?" इस समय तक तो उनमें से दर्जनों नो मैन्ज लैंड (मानव रहित भूक्षेत्र) को पार करते हुए हमारी तरफ चले आ रहे थे और उनके बीच एक भी बंदूक नहीं थी। नाटे कद का प्राइवेट मॉरिस सबसे पहले ऊपर उठा। "चलो, लड़को। हम किसका इन्तजार कर रहे हैं?" और फिर उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था। मैं अफसर था। मुझे उन्हें वहीं व तुरन्त ही रोक देना चाहिए था, मैं ऐसा मानता हूँ, किन्तु सच यह है कि यह बात मुझे सूझी ही नहीं कि मुझे रोकना चाहिए। मैं देख सकता था सभी सैनिक उनकी सीमा से और हमारी सीमा से धीरे-धीरे एक-दूसरे की तरफ बढ़ रहे थे, स्लेटी कोट और खाकी कोट बीचोंबीच मिल रहे थे। और मैं उनमें से एक था। मैं इसका हिस्सा था। युद्ध के बीच हम शान्ति स्थापित कर रहे थे।

आप कल्पना भी नहीं कर सकती, प्रिय कॉनी, मेरी भावनाओं के बारे में जब मैंने फ्रिट्ज अफसर की आँखों में देखा, जो मेरे पास अपना हाथ बढ़ाए आया। "हैन्स वुल्फ", उसने कहा, मेरे हाथ को स्नेह से पकड़कर व इसे थामे रखते हुए। "मैं डसलडोर्फ का रहने वाला हूँ। मैं आर्केस्ट्रा में चेलो वाद्ययन्त्र बजाता हूँ। हैप्पी क्रिसमस।"

**Captain Jim Macpherson.............................................................Connie. (Page 12)**

**कठिन शब्दार्थ–shared** (शेअर्ड) = बांटा, **rum** (रम) = गुड़ से बनी शराब, **excellent** (एकसॅलॅन्ट) = बढ़िया, **turned out** (टॅन्ड आउट) = अन्त में पता चलना, **favourite** (फेवरिट) = पसंदीदा, **huddles** (हडल्ज) = झुण्ड, **marzipan** (मार्जिपैन) = शक्कर, अंडा व बादाम से बना एक खाद्य पदार्थ, **tasted** (टेस्टिड) = स्वाद चखा, **agreed** (अग्रीड) = सहमत हुआ।

**हिन्दी अनुवाद**–"कैप्टन जिम मैक्फरसन", मैंने उत्तर दिया। "और आपको भी हैप्पी क्रिसमस। मैं इंग्लैण्ड के पश्चिम में स्थित डॉरसेट का एक विद्यालयी अध्यापक हूँ।"

"आह, डॉरसेट", वह मुस्कराया। "मैं इस स्थान को जानता हूँ। मैं भली-भाँति जानता हूँ।" हमने अपनी शराब व उसका बढ़िया मसालेदार गोश्त बाँटकर खाया। और हमने बातें कीं, कॉनी, हमने कैसे बातें कीं। उसने लगभग

* क्रिया का अन्तिम अक्षर 'ch' या 'ck' या 'ss' या 'p' या 'k' हो तो इसमें 'ed' जोड़ने पर 'ed' की ध्वनि 'ट' होती है, जैसे— rea<u>ched</u> (रीच्ट), pa<u>cked</u> (पैक्ट), pa<u>ssed</u> (पास्ट), hel<u>ped</u> (हेल्प्ट), loo<u>ked</u> (लुक्ट)।

सटीक अंग्रेजी बोली। किन्तु अन्त में यह पता चला कि उसने कभी भी डॉरसेट में पैर नहीं रखे थे, यहाँ तक कि कभी इंग्लैण्ड आया भी नहीं था। इंग्लैण्ड के बारे में जो कुछ भी वह जानता था वह सब उसने विद्यालय से तथा अंग्रेजी की पुस्तकें पढ़कर सीखा था। उसका पसन्दीदा लेखक थॉमस हार्डी था, उसकी पसन्दीदा पुस्तक 'फार फ्रॉम दा मैडिंग क्राउड' थी। अत: बाहर वहाँ नो मैन्ज लैंड में हमने बाथशेबा और गेब्रिअल ओक और सार्जेन्ट ट्रॉय और डॉरसेट के बारे में बातें कीं। उसके एक पत्नी और एक पुत्र था जो अभी छ: माह पूर्व ही जन्मा था, मैंने जब अपने चारों ओर देखा तो मुझे उस नो मैन्ज लैंड में सभी जगह खाकी व स्लेटी के झुण्ड धूम्रपान करते, हँसते, बातें करते, पीते व खाते दिखाई दिये। हैन्स वुल्फ और मैंने आपका बढ़िया वाला क्रिसमस का बचा हुआ केक बाँटा। उसे लगा था कि उसने अब तक के सबसे बढ़िया मार्जिपैन का स्वाद लिया था। मैं सहमत था। हम लगभग सभी बातों पर सहमत थे और वह मेरा दुश्मन था। क्रिसमस की ऐसी पार्टी कभी नहीं हुई होगी, कॉनी।

**Then someone..............................................................quite fair. (Pages 12-13)**

**कठिन शब्दार्थ–dumped** (डम्प्ट) = डाल दिये, **piles** (पाइल्ज) = ढेर, **goalposts** (गोलपॉस्ट्स) = गोल का खम्भा, **cheered** (चीअर्ड) = प्रोत्साहित किया, **clapping** (क्लैपिंग) = तालियाँ बजाकर, **stamping** (स्टैमपिंग) = पैर थपथपाते हुए, **to keep out** (टु कीप आउट) = दूर रखने को, **breaths** (ब्रेथ्स) = श्वासें, **mingling** (मिंगलिंग) = घुल रही थीं, **resolve** (रिजॉल्व) = समाधान निकालना, **orphaned** (ऑफन्ड) = अनाथ होना, **wives** (वाइव्ज) = पत्नियाँ, **widows** (विडोज) = विधवा, **probably** (प्रॉबॅब्लि) = शायद, **watched** (वॉच्ट) = देखा, **generously** (जेनॅरॅसलि) = उदारतापूर्वक।

**हिन्दी अनुवाद :** फिर कोई, मुझे पता नहीं कौन, फुटबॉल ले आया। गोलपोस्ट बनाने के लिए ओवरकोटों को ढेरों के रूप में डाल दिया गया और अगली चीज जो हमने जानी वह यह थी, टॉमि (अंग्रेज टीम) व फ्रिट्ज (जर्मन टीम) के बीच फुटबॉल मैच वह भी नो मैन्ज लैंड के बीचोंबीच। हैन्स वुल्फ और मैं मैच देखने लगे और प्रोत्साहित करने लगे तथा ठण्ड को दूर रखने के लिए हाथों से तालियाँ बजा रहे थे व पैर पटक रहे थे। एक क्षण ऐसा भी था जब मैंने देखा कि हमारी श्वासें हमारे बीच हवा में घुल रही थीं। उसने भी इसे देखा और मुस्कराया। "जिम मैक्फरसन", उसने एक क्षण बाद कहा, "हमें इसी प्रकार इस युद्ध का समाधान निकालना चाहिए। एक फुटबॉल मैच। फुटबॉल मैच से कोई नहीं मरता। बच्चे अनाथ नहीं होते हैं। पत्नियाँ विधवा नहीं होती हैं।"

"मैं क्रिकेट को प्रधानता दूँगा", मैंने उसे बताया। "तब ही हम टॉमियों को शायद अपनी विजय का विश्वास हो।" हम उस पर हँस पड़े और साथ-साथ ही मैच देखा। दु:ख की बात है, कॉनी, फ्रिट्ज (जर्मन टीम) एक के मुकाबले दो गोल से जीत गए। किन्तु जैसे हैन्स वुल्फ ने उदारतापूर्वक कहा, हमारा (अंग्रेजों का) गोल उनके (जर्मनों के) गोल से अधिक चौड़ा था, इसलिए यह ठीक नहीं था।

**The time......................................................................their trenches. (Page 13)**

**कठिन शब्दार्थ–finished** (फिनिश्ट) = समाप्त हो गया, **run out** (रन आउट) = खत्म हो जाना, **forget** (फॅगेट) = भूल जाना, **saluted** (सैल्युटिड) = सलाम किया, **unwillingly** (अनविलिंगलि) = अनिच्छापूर्वक, **drifting** (ड्रिफ्टिंग) = बढ़ते हुए।

**हिन्दी अनुवाद–**समय आ गया और जब मैच समाप्त हो गया तो शीघ्र ही सब श्नैप्स (जर्मन शराब), रम (गुड़ से बनी शराब) और मसालेदार गोश्त काफी पहले ही खत्म हो गये थे और हम समझ गये थे कि सब खत्म हो गया था। मैंने हैन्स को शुभकामना दी और उसे बताया कि मैं आशा करता हूँ कि वह अपने परिवार से शीघ्र ही फिर मिल पायेगा, और यह कि लड़ाई शीघ्र ही खत्म हो जायेगी और हम सभी घर जा सकेंगे।

"मैं सोचता हूँ कि यह वही बात है जो दोनों तरफ के सैनिक चाहते हैं", हैन्स वुल्फ ने कहा, "अपना ध्यान रखना, जिम मैक्फरसन। मैं इस क्षण को कभी नहीं भुला पाऊँगा, और न ही आप।" उसने सलाम किया और मुझ से धीरे-धीरे अनचाहे दूर चलता गया, मैंने ऐसा महसूस किया। वह हाथ हिलाने के लिए बस एक बार पलटा था और फिर उन सैकड़ों स्लेटी कोट वाले सैनिकों, जो बंकरों की तरफ बढ़ रहे थे, में से एक हो गया।

**That night...............................................................Your loving, Jim. (Pages 13-14)**

**कठिन शब्दार्थ–dugouts** (डगआउट्स) = खंदक, **carol** (कैरॅल) = क्रिसमस गीत, **rousing chorus** (राउजिंग कोरॅस) = ऊँचे स्वर में समूह गान, **exchanged** (इक्सचेन्ज्ड) = आदान-प्रदान किया, **for a while** (फोर ए वाइल) = कुछ क्षण के लिए, **treasure** [ट्रेश(र्)] = संजोए रखना, **distant** (डिसटंट) = दूर का,

**वैधानिक चेतावनी :** धूम्रपान करना एवं शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।